भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1501

उत्तर देने की तारीख-09/02/2026

यूडीआईएसई+आंकड़े एकत्र किया जाना

† 1501. **श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के स्कूलों से यूडीआईएसई+ आंकड़े एकत्र करने की पद्धति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 2024-25 के लिए यूडीआईएसई+ के आंकड़ों में 13.2 लाख से अधिक विद्यालयों ने अपनी कुल कक्षाओं के लिए कमरों की संख्या की सूचना नहीं दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है कि विद्यालय शिक्षा मंत्रालय को अपनी विभिन्न नीतिगत पहलों का समर्थन करने के लिए समय पर और सही आंकड़े उपलब्ध कराएं; और

(घ) क्या सरकार द्वारा यूडीआईएसई+ आंकड़ों के अंतर्गत जिन परिवर्तनों के आधार पर सूचना एकत्र की जाती है उनके विस्तार करने के लिए कोई पहल की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): डीओएसईएल द्वारा विकसित शिक्षा के लिए जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइज़+), सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों से विद्यालय से संबंधित विभिन्न पहलुओं का विवरण एकत्र करता है। विद्यालयों द्वारा यूडाइज़+ का डेटा पोर्टल अर्थात (http://udiseplus.gov.in/#) के माध्यम से भरा जाता है। यूडाइज़+ के डेटा की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक, ज़िला और राज्य स्तर पर सत्यापन और प्रमाणीकरण किया जाता है।

डेटा की गुणवत्ता को संबोधित करने और यूडाइज़+ पोर्टल पर समय पर और सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों/संघ राज्यों के साथ नियमित पत्राचार, मॉनिटरिंग और समीक्षा बैठकों की जाती है। 2022-23 में, पहली बार यूडाइज़+ एप्लिकेशन को व्यक्तिगत छात्रावार विवरण प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी रजिस्ट्री बनाकर पुनः प्रारंभ किया गया है।

******